बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेल रोड), पटना- 800001

आवश्यक सूचना

56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिये मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु चालान डाउनलोड करने की अन्तिम तिथि 08.02.2016 निर्धारित की गयी थी। कई अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन दिया गया है कि उनके द्वारा की गयी गलती के कारण अन्तिम तिथि तक चालान डाउनलोड नहीं किया जा सका है, जिसके फलस्वरूप वे मुख्य परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन नहीं भर पा रहे हैं। उन सभी अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के उपरांत 56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु अंतिम रूप से निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:-

क्र०सं०	विषय	पूर्व निर्धारित तिथि	संशोधित तिथि
1	चालान डाउनलोड करने की अन्तिम तिथि	08.02.2016	16.02.2016
2	बैंक में चालान जमा करने की अन्तिम तिथि	15.02.2016	18.02.2016
3	ऑनलाइन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि	23.02.2016	26.02.2016
4	हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में प्राप्त होने की अन्तिम तिथि	03.03.2016 संध्या 5.00 बजे तक	09.03.2016 संध्या 5.00 बजे तक

56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन देने से सम्बन्धित पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन इस हद तक संशोधित किया जाता है, शेष निर्देश एवम् शर्तें यथावत् रहेंगी। ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया भी यथावत् रहेगी। ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी पूर्व से प्रकाशित विज्ञापन एवं संलग्न निदेश का अनुसरण करेंगे, जो आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

- **अभ्यर्थी बैंक में चालान से पैसा जमा करने के बाद तत्काल उसी दिन लॉगइन कर बैंक चालान विवरणी भर दें ताकि इसका सत्यापन समय पर हो सके। अभ्यर्थी अन्तिम तिथि का इंतजार नहीं करें।**
- **56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) परीक्षा में सफल वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरा जा चुका है, उन्हें पुनः ऑनलाईन आवेदन भरने की आवश्यकता नहीं है।**
- वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा दिनांक 04.02.2016 को प्रकाशित सूचना के आलोक में मोबाईल नंबर सुधार नहीं कराया गया है वे दिनांक 12.02.2016 से 14.02.2016 तक mobilebpsc@gmail.com पर ई-मेल के माध्यम से आवेदन भेज सकते है। उक्त तिथि के बाद मोबाईल नंबर सुधार से सम्बन्धित प्राप्त होने वाले आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। दिनांक 04.02.2016 को प्रकाशित उक्त सूचना आयोग के वेबसाईट-http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा में सफल वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा पूर्व में मोबाईल नंबर का सुधार करा लिया गया है अथवा जिन्हें User-Id एवम् Password प्राप्त हो गया है, उन्हें मोबाईल नंबर सुधार से सम्बन्धित आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है।

- मुख्य परीक्षा में ऑनलाइन आवेदन भरने वाले सभी अभ्यर्थियों को स्पष्ट किया जाता है कि उनका रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर एवम् रजिस्टर्ड Email-Id एवम् उसका Password तथा उन्हें प्राप्त User-Id एवम् Password उनकी व्यक्तिगत गोपनीय सूचना है, जिसे संभालकर रखना उनकी व्यक्तिगत जिम्मेवारी है तथा वे इसे भविष्य में उपयोग हेतु सम्भाल कर रखेगें। अगर किसी अभ्यर्थी द्वारा मोबाईल नंबर, Email-Id, User-Id एवम् Password खो दिया जाता है या भूला दिया जाता है, वैसी स्थिति में आयोग उनकी कोई मदद नहीं कर सकेगा।
- ऑनलाइन आवेदन भरने के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा गलत Email-Id की प्रविष्टि किये जाने के कारण उन्हें भरे हुये आवेदन, Address Slip तथा From Slip उनके Email-Id पर नहीं जा रहा है। अतः मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन भरने वाले सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरने के बाद लॉग-इन कर डैस-बोर्ड से भी भरे हुये आवेदन, Address Slip तथा From Slip की प्रति डॉउनलोड कर सकते हैं। वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा हेतु पूर्व में ऑनलाइन आवेदन भर दिया है वे भी लॉग-इन कर डैस-बोर्ड से भरे हुये आवेदन, Address Slip तथा From Slip की प्रति डॉउनलोड कर सकते हैं।

11/2/16

संयुक्त सचिव-सह-परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना